दिन– बुधवार दिनांक– 06/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन–तीन का उद्घाटन करेंगे।

02. प्रदेश के ग्यारह शहरों के पास सेटेलाईट और ग्रीनफिल्ड टाउनशिप बसायी जायेगी। पटना प्रमंडल से होगी शुरूआत।

03. निर्वाचन आयोग ने बारह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसआईआर में हटाये गये पैंसठ लाख मतदाताओं की सूची सौंपी।

04. और, गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती तथा कोसी समेत विभिन्न नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर। गंगा के उफान से पटना के दियारा इलाके बाढ़ की चपेट में।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन–तीन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन–तीन व्यापक बदलाव के बाद बने सेंट्रल विस्टा का हिस्सा है। यह आगामी कई सामूहिक केंद्रीय सचिवालय भवनों में पहला है जिनका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और शासन को चुस्त और अधिक सक्षम बनाना है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

——————————————————————

प्रदेश के ग्यारह शहरों के पास सेटेलाईट और ग्रीनफिल्ड टाउनशिप बसायी जायेगी। इस टाउनशिप की शुरूआत पटना प्रमंडल से होगी। इसके बाद सभी प्रमंडलीय मुख्यालय शहरों में टाउनशिप विकसित की जायेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद पटना में संवाददाताओं से बातचीत में नगर विकास और आवास मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि सेटेलाईट टाउनशिप विकसित करने के लिए शहर के बाहरी इलाकों में चिन्हित जमीन किसानों की सहमति से ली जायेगी। श्री कुमार ने बताया कि इस जमीन का पचपन फीसदी हिस्सा विकास के बाद किसानों को लौटा दिया जायेगा।

–––बाईट–––

राज्य मंत्रिमंडल ने भागलपुर में नया औद्योगिक कोरिडोर बनाने और गोपालगंज में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। कैबिनेट विभाग

के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि भागलपुर में इसके लिए सत्तानवे एकड़ और गोपालगंज में लगभग तैंतीस एकड़ जमीन ली जायेगी। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री डिजिटल लाईब्रेरी योजना शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इस योजना के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में एक डिजिटल लाईब्रेरी खोली जाएगी। कैबिनेट ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों के लिए निर्धारित कार्य अवधि और अवकाश में संशोधन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। इसके तहत पीडीएस दुकाने हर सोमवार, छब्बीस जनवरी, पन्द्रह अगस्त, दो अक्टूबर समेत विभिन्न त्योहारों के समय बंद रहेंगी।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने राज्य के मान्यता प्राप्त बारह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पैंसठ लाख वैसे मतदाताओं की सूची सौंप दी हैं, जिनका नाम एसआईआर के प्रारूप सूची में शामिल नहीं किया गया है। आयोग ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि छूटे हुये सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से पहल करें। इधर, निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रारूप सूची के प्रकाशन के पांच दिन बाद भी अब तक किसी राजनीतिक दल ने सूची पर दावा–आपत्ति दर्ज नहीं करवाई है। वहीं, आम मतदाताओं की ओर से अब तक दो हजार आठ सौ चौंसठ दावा आपत्ति की गई है। इन सभी का निष्पादन सात दिनों में कर दिया जायेगा। इधर, चौदह हजार नौ सौ चौदह नये लोगों ने भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने का आवेदन दिया। इस बीच, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सात बीएलओ को निलंबित कर दिया है।

———————————————————

चुनाव आयोग द्वारा भेजे गये विशेष मतदाता पर्यवेक्षक भरत खेड़ा ने कल शेखपुरा में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का अवलोकन किया। श्री खेड़ा पर्यवेक्षण के दौरान दावा–आपत्ति केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं से फीडबैक प्राप्त करेंगे।

———————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभ की राशि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। श्री ठाकुर ने लोकसभा में कहा कि पीएम–किसान योजना को फरवरी दो हजार उन्नीस में कृषि योग्य भूमि वाले किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि

पीएम–किसान के अंतर्गत नए पंजीकरण के लिए अब चौदह राज्यों में किसान पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है।

————————————————————————

पटना एम्स के रेजिडेंट और जूनियर डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है। इसके बाद एम्स में काम–काज सामान्य हो गया है। चिकित्सकों ने कहा है कि उनके खिलाफ एफआईआर वापस नहीं लिये जाने पर वे दस दिन के बाद दोबारा हड़ताल पर जा सकते हैं।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। हालांकि पिछले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण और पश्चिम बिहार में बारिश की गतिविधियों में कमी दर्ज की गयी। वहीं, उत्तर बिहार के जिलों में मध्यम से भारी बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इस दौरान उत्तर और पूर्वी भाग के जिलों के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका है।

————————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकतर नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी समेत छह नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में लाल निशान से इकतालीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं, नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। भागलपुर और कहलगांव में भी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मुंगेर में नदी का जलस्तर लाल निशान से मात्र तीस सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। इधर, सोन नदी पटना के मनेर में और पुनपुन नदी श्रीपालपुर में खतरे के निशान से ऊपर बनी हुई है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में लाल निशान से अट्ठाईस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से चार सेंटीमीटर ऊपर चला गया है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर बह रही है।

————————————————————————

प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से पटना, बक्सर, मुंगेर, भागलपुर, बांका, कटिहार और खगड़िया समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। गंगा नदी में

उफान से पटना के दियारा इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

———रिपोर्ट———

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी के कारण दानापुर दियारा के सात पंचायतों— हेतनपुर, काशीमचक, पुरानी पानापुर, मानस, गंगाहारा, पतलापुर और नवदियरी में बाढ़ जैसे हालात हो गये हैं। खेतों में लगी फसल पूरी तरह डूब चुकी है। बख्तियारपुर का सतभैया रामनगर, हरदासपुर दियारा, काला दियारा, चिरैंया और रूपसमहाजी पूरी तरह पानी से घिर चुके हैं। मनेर प्रखंड की तीन पंचायत— किता चौहत्तर—मध्य, किता चौहत्तर—पश्चिमी और किता चौहत्तर— पूर्वी के कई गांव भी बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। इधर, पुनपुन नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से सैदपुर—डुमरी, रानीपुर, बिक्रमपुर, जफराबाद और अब्दुलापुर समेत कई गांव के निचले इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। इधर, बरसाती नदियों में उफान से फतुहा से लेकर दनियांवा तक बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

इधर, बक्सर जिले में पांच अंचलों की ग्यारह पचांयतों के बाईस गांव आंशिक रूप से बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। भोजपुर जिले के शाहपुर, बड़हरा और कोईलवर प्रखंड भी बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित है। शिक्षा विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के इकहत्तर विद्यालयों को नौ अगस्त तक बंद रखने का आदेश दिया है। बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया कि शाम्हो, मटिहानी, बलिया, बछवाड़ा और बरौनी प्रखंड में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। मुंगेर जिले के कुतलुपुर, जाफरनगर, तारपुर दियारा के रहिया, टीकारामपुर सहित कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इधर, खगड़िया जिले में गंगा, कोसी और गंडक नदी के उफान पर रहने के चलते कई नये इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। हमारे संवाददता ने बताया है कि जिले के तटवर्ती और निचले इलाके के कई गांव बाढ़ के पानी से पूरी तरह घिर चुके हैं। सदर प्रखंड की कुतलुपुर पंचायत से जिला मुख्यालय आने—जाने के लिए सड़क संपर्क पूरी तरह भंग हो गया है। कटिहार जिले में गंगा और कोसी समेत अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने से मनिहारी नगर पंचायत क्षेत्र के निचले इलाकों में पानी प्रवेश कर गया है। अमदाबाद प्रखंड के कई गांवों में भी बाढ़ का पानी फैलने लगा है।

————————————————————————

पटना के प्रमंडलीय आयुक्त डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने पंचायती राज विभाग को कैमूर जिले के भभुआ प्रखंड स्थित अखलासपुर पंचायत की मुखिया किरण बाला को पदमुक्त करने का निर्देश दिया है।

————————————————————————

अररिया व्यवहार न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा बरामदगी मामले में एक आरोपी को बारह साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

————————————————————————

दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में डीएससी नर्सिंग कॉलेज के एक छात्र राहुल कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक मधेपुरा जिला का रहने वाला था।

———————————————————

खगड़िया जिला के सभी खाद्यान्न लाभुकों को जन वितरण प्रणाली की दुकान से अब केवल उसना चावल ही वितरित किए जाएंगे। जन वितरण प्रणाली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी नवीन कुमार ने यह निर्देश दिया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने उत्तराखंड में बादल फटने की घटना में भारी नुकसान की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– उत्तरकाशी में आसमानी आफत, दर्जनों लापता, चार मौतों की पुष्टि।

दैनिक जागरण ने लिखा है– शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाईल लागू। पचासी प्रतिशत आरक्षण बिहार वालों के लिए।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बिहार में उड़ान योजना के तहत स्पिरिट एयर शुरू करेगी हवाई सेवा, बिहटा, मुजफ्फरपुर जैसे छोटे एयरपोर्ट से होगी उड़ान।

प्रभात खबर लिखता है– रोहतास जिले में दो करोड़ बीस लाख रूपये के टैक्स व ई–चालान वसूले, पर नहीं किया जमा।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन–तीन का उद्घाटन करेंगे।

02. प्रदेश के ग्यारह शहरों के पास सेटेलाईट और ग्रीनफिल्ड टाउनशिप बसायी जायेगी। पटना प्रमंडल से होगी शुरूआत।

03. निर्वाचन आयोग ने बारह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसआईआर में हटाये गये पैंसठ लाख मतदाताओं की सूची सौंपी।

04. और, गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती तथा कोसी समेत विभिन्न नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर। गंगा के उफान से पटना के दियारा इलाके बाढ़ की चपेट में।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।